# लघु बचत योजनाएँ

भारतीय रिज़र्व बैंक **(Reserve Bank of India- RBI)** द्वारा जारी गणना के अनुसार, पिछली तीन तिमाहियों में कई लघु बचत योजनाओं **(Small Savings Instruments- SSI)** पर ब्याज दरों में लगातार बढ़ोतरी के बावजूद ऐसी **कुछ योजनाओं पर प्रतिलाभ अभी भी काफी कम है जो लाभार्थियों को मिलना चाहिये**।

## लघु बचत योजनाएँ/साधन:

- **परिचय:**
  - लघु बचत साधन व्यक्तियों को **विशिष्ट अवधि में अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करते हैं।**
  - **वे भारत में घरेलू बचत का प्रमुख स्रोत हैं।**
  - सभी छोटी बचत योजनाओं से संग्रह को राष्ट्रीय लघु बचत कोष **(National Small Savings Fund- NSSF)** में जमा किया जाता है।
- **वर्गीकरण:**
  - लघु बचत योजनाओं के वर्ग में **12 साधन शामिल हैं जिन्हें तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया जा सकता है:**
    - **डाक जमा:** इसमें बचत खाता, आवर्ती जमा, अलग-अलग परिपक्वता की सावधि जमा और मासिक आय योजना शामिल है।
    - **बचत प्रमाणपत्र**: राष्ट्रीय लघु बचत प्रमाणपत्र (NSC) और किसान विकास पत्र (KVP)।
    - **सामाजिक सुरक्षा योजनाएँ: सुकन्या समृद्धि योजना**, सार्वजनिक भविष्य निधि (PPF) और वरिष्ठ नागरिक बचत योजना (SCSS)।
- **लघु बचत योजनाओं की दरें:**
  - लघु बचत योजनाओं की **दरों की घोषणा तिमाही आधार पर की जाती है।**
  - सैद्धांतिक रूप से यह परिपक्वता के **सरकारी प्रतिभूति/**G-Sec के प्रतिफल पर आधारित होती है लेकिन **कई बार राजनीतिक कारक भी दर परिवर्तन को प्रभावित करते हैं।**
  - लघु बचत योजना पर गठित श्यामला गोपीनाथ पैनल (2010) ने इन योजनाओं के लिये बाज़ार से जुड़ी ब्याज दर प्रणाली को अपनाने का सुझाव दिया था।
- **लघु बचत दरों के लिये सूत्र:**
  - इसका उपयोग **भारत में विभिन्न लघु उद्योगों के लिये ब्याज दरों की गणना करने हेतु किया जाता है** और यह पूर्ववर्ती 4 महीनों के पहले 3 महीनों में G-sec पर औसत तिमाही प्रतिफल पर आधारित होता है।
    - लघु बचत योजनाओं में निवेश करने वाले **बचतकर्त्ताओं को ब्याज दिये जाने संबंधी सीमा तय करने के लिये इस सूत्र का उपयोग किया जाता है।**

## अन्य महत्त्वपूर्ण लघु बचत योजनाएँ:

- **सुकन्या समृद्धि खाता योजना:**
  - इस योजना का उद्देश्य **भारत में बालिकाओं के कल्याण को बढ़ावा देना है।**
  - **माता-पिता अथवा कानूनी अभिभावक 10 वर्ष से कम आयु की दो बालिकाओं के लिये जमा खाता** खोल सकते हैं और **जुड़वाँ बालिकाओं अथवा तीन बालिकाओं के मामले में यह योजना तीन खाते खोलने की सुविधा प्रदान करती है।**
  - **न्यूनतम** प्रारंभिक जमा 250 रुपए, अधिकतम वार्षिक सीमा 150,000 रुपए है।
  - खाता खोलने की तिथि से **21 वर्ष पूरे होने पर या खाताधारक के विवाह पर, जो भी पहले हो, अधिकतम 15 वर्षों के** लिये जमा किया जा सकता है।
- **वरिष्ठ नागरिक बचत योजना:**

- देश में वरिष्ठ नागरिकों को 60 वर्ष की आयु के बाद आय का नियमित स्रोत प्रदान करना।
- **पात्रता:**
  - **60 वर्ष से अधिक आयु के भारतीय नागरिक।**
  - 55-60 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त, जिन्होंने **स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना** (**Voluntary Retirement Scheme-VRS**) या अधिवर्षिता का विकल्प चुना है
  - **50-60 वर्ष की आयु के बीच सेवानिवृत्त रक्षा कर्मी।**
- **पाँच वर्ष की परिपक्वता अवधि जिसे और तीन वर्ष के लिये और बढ़ाया जा सकता है।**
- न्यूनतम जमा 1,000 रुपए, **केंद्रीय बजट 2023-24** में अधिकतम जमा सीमा बढ़ाकर 30 लाख रुपए की गई।
- **खाता खोलने के एक वर्ष बाद समयपूर्व निकासी की अनुमति है।**
- SCSS में जमा राशि भी **धारा 80-सी के तहत कटौती** के लिये योग्य है।
- आयकर अधिनियम।

- **मासिक आय योजना:**
  - **10 वर्ष से अधिक आयु के भारतीय निवासियों** को मासिक निवेश की अनुमति देता है। 1-3 व्यक्ति संयुक्त रूप से खाता रख सकते हैं।
  - **इसकी लॉक-इन अवधि 5 वर्ष है,** जिसमें एक वर्ष के बाद पेनाल्टी के साथ समय से पहले निकासी की अनुमति है।
  - केंद्रीय बजट 2023-24 में अधिकतम जमा सीमा **9 लाख रुपए (एकल खाते के लिये)** और **15 लाख रुपए (संयुक्त खाते के लिये) है।**
    - योजना से प्राप्त आय TDS या कर कटौती के अधीन नहीं है।
  - **NRI इस योजना में निवेश करने के पात्र नहीं हैं।**
  - यह खाता **एक डाकघर से दूसरे डाकघर में स्थानांतरित** किया जा सकता है।
- **सामान्य भविष्य निधि (PPF):**
  - यह योजना व्यक्तियों को उनकी **सेवानिवृत्ति के लिये बचत** करने हेतु प्रोत्साहित करती है।
  - इसकी **अवधि 15 वर्ष है,** जिसे परिपक्वता के बाद **अतिरिक्त 5 वर्ष के लिये बढ़ाया जा सकता है।**
  - सामान्य भविष्य निधि खाते को सक्रिय रखने के लिये आवश्यक न्यूनतम वार्षिक निवेश 500 रुपए है और अधिकतम निवेश सीमा 1.5 लाख रुपए प्रति वित्त वर्ष है।
- **किसान विकास पत्र (KVP):**
  - **सरकारी बचत प्रमाणपत्र अधिनियम, 1959 (इंडिया पोस्ट द्वारा प्रस्तावित एक SSI)** द्वारा शासित।
  - इसे मूल रूप से **वर्ष 1988 में लॉन्च किया गया और वर्ष 2014 में फिर से लॉन्च** किया गया।
  - यह निवासी भारतीयों और ट्रस्टों के लिये उपलब्ध है।
  - इसकी निवेश अवधि **124 महीने, लेकिन यह निश्चित नहीं है।**
  - **न्यूनतम निवेश राशि 1,000 रुपए,** कोई ऊपरी सीमा नहीं।
  - सरकार द्वारा **तिमाही** आधार पर ब्याज दर की समीक्षा की जाती है।
- **महिला सम्मान बचत प्रमाणपत्र:**
  - यह महिलाओं या लड़कियों के लिये एकमुश्त नई लघु बचत योजना है।
  - यह मार्च 2025 तक **दो वर्ष की अवधि के लिये उपलब्ध है।**
  - **योजना के तहत 2 लाख रुपए तक की जमा सुविधा** (7.5 प्रतिशत की निश्चित ब्याज दर) प्रदान की जाती है।
  - **आंशिक निकासी का विकल्प।**

**स्रोत: द हिंदू**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/small-savings-instruments-1